**विज्ञापन सं.सीपीआरआई/01/2022**

**महत्वपूर्ण निर्देश**

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन भरने के पात्र हैं।
2. आवेदन भरने से पूर्व, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. निर्धारित शैक्षिक योग्यता और अनुभव न्यूनतम आवश्यकता है तथा केवल उसके होने से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के पात्र नहीं होंगे।
4. पात्र आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, सीपीआरआई उम्मीदवारों को सीमित करने और पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए जाने का अधिकार रखता है।
5. सीपीआरआई, कारण बताकर या कारण बताए बिना किसी भी मानदण्ड, चयन की विधि को बदलने (रद्द करने/संशोधित करने / जोडने) का अधिकार रखता है।
6. मोबाइल संख्या, ई मेल पता अथवा तकनीकी दोष या सीपीआरआई के नियंत्रण के परे कुछ कारणों से उम्मीदवारों को यदि सूचना/जानकारी न पहुँच पाए तो यह सीपीआरआई की जिम्मेदारीनहीं होगी। उम्मीदवारों को अद्यतन सूचनाओं के लिए सीपीआरआई वेबसाइट **www.cpri.res.in** पर कड़ी नज़र रखने की सलाह दी जाती है।
7. आवेदनों की पात्रता, स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवार इसका पालन करने के लिए बाध्यकारी होंगे तथा उम्मीदवारों की ओर से किसी भी व्यक्ति या अभिकरण से इस संबंध में कोई जाँच अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कोई भी ऐसे ब्यौरे न प्रस्तुत करें जो असत्य हो, जिसमें हेर फेर की गई हो, गढ़ी हुई हो और आवेदन प्रस्तुत करते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ। यदि दुराचार/प्रतिरूपण/प्रचार/अनुचित साधनों के प्रयोग से वह दोषी पाया जाए तो उन्हें चयन प्रक्रिया से निरर्ह किया जाएगा। यदि उम्मीदवार को आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाता है, जिनका विवरण/सूचना चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में असत्य पाया गया तो सीपीआरआई के उत्तरदायित्व के बिना उसकी उम्मीदवारी तुरंत बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जाएगी।
9. किसी भी रूप में प्रचार करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरर्हता के लिए जिम्मेदार होगी।

10. परीवीक्षा अवधि प्रारंभ में दो वर्ष की अवधि के लिए होगी। इस पदों के लिए एनपीएस योगदान/छुट्टी/एलटीसी/चिकित्सा लाभ और भत्ते के सेवा लाभ भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार रहेंगे।

11. भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी के लिए उम्मीदवार अपने ई-मेल और सीपीआरआई वेबसाइट www.cpri.res.in की नियमित रूप से जाँच करें।

12. उम्मीदवार निर्धारित शैक्षिक योग्यता; अनुभव और निर्दिष्ट आयु सीमा रखने वाले उम्मीदवार ही पदों के लिए आवेदन भरने के पात्र होंगे। अतः विज्ञापन में प्रत्येक पद के तहत अलग पैरा तथा उप पैरा में उल्लिखित निर्धारित सभी शर्तों को ध्यान से पढ़ने की सलाह दी जाती है तथा आवेदन भरने से पूर्व पद के लिए उनकी उपयुक्तता के बारे में खुद को संतुष्ट कर लें।

13. निर्धारित अंतिम तिथि के अंदर निर्धारित अनुलग्नकों के साथ आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने में किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए भी सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा।

14. आवेदकों द्वारा आवेदन फार्म में दी गई सूचना के आधार पर आवेदनों की जाँच किए जाने के कारण यह आवश्यक है कि केवल सही, पूर्ण और सही जानकारी आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की जाए। झूठी/गलत जानकारी प्रस्तुत करना निरर्हता मानी जाएगी तथा ऐसी झूठी/गलत सूचना पेश करने परकिसी भी परिणाम के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार **<u>नहीं</u>** होगा।

15. आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता, प्रमाण पत्र / प्रशंसापत्र, अनुभव आदि निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तारीख, उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04.03.2022 होगी।

16. शुल्क की छूट भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार लागू होगी।

17. केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/स्वायत्त निकायों जैसे सरकारी सेवा में कार्यरत उम्मीदवार उचित माध्यम द्वारा आवेदन भरे अथवा उनके आवेदन के साथ एनओसी संलग्न करे अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

18. उल्लिखित सभी शैक्षिक अर्हताएँ भारत सरकार द्वारा मान्य यूजीसी/एआईसीटीई/राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थानों /बोर्डों से प्राप्त हों।

19. आवेदन प्रपत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के मामले में उम्मीदवार निकटतम दो दशमलवों तक प्राप्त अंक/ सीजीपीए प्रतिशत अधिकतम अंक का उल्लेख करें।

20. प्रमाणपत्रों में घोषित/उल्लिखित प्रतिशत अंकों / सीजीपीए के आधार पर ही प्रतिशत अंक को निर्दिष्ट किया जाएगा।

21. दोहरी अर्हता/विशिष्टताओं के मामले में उम्मीदवार साक्षात्कार के समय आवश्यक सबूत पेश करें कि उनकी प्रमुख विशिष्टता पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुरूप है।

22. **निर्धारित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियाँ संलग्न न करने पर आवेदन अमान्य माना जाएगा तथा अस्वीकृत किया जाएगा।**

23. गलत सूचना देने पर आवेदन को, बिना किसी कारण के सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जा सकता है।

24. **आवेदन शुल्क – रु.500/-**

ए) अनु जाति/अनु जन जाति/ पीडब्ल्यूडी /महिला उम्मीदवारों एवं सीपीआरआई के विभागीय उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान की छूट दी गई है।

बी) भूत पूर्व सैनिकों के लिए शुल्क के भुगतान की छूट दी गई है।

25. **शुल्क का भुगतान: "लेखा अधिकारी, केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान"** के पक्ष में आहरित डीडी बेंगलूर मे देय है।

26. **डाक द्वारा आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तारीख 04.03.2022 है।** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख का इंतज़ार किए बिना समय से पहले ही अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

27. आवेदन प्राप्त करने में देरी के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा तथा नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

28. साक्षात्कार की अनुसूची सीपीआरआई की वेबसाइट https://cpri.res.in/ पर प्रदर्शित की जाएगी।

29. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी / भूतपूर्व सैनिक वर्ग के तहत शुल्क छूट के लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवारों को संगत जाति प्रमाण पत्र / भूतपूर्व सैनिक निर्वहन प्रमाण पत्र / भूतपूर्व सैनिक आईडी कार्ड / पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

30. एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को इस पद के लिए आवेदन देने से पूर्व इस पद के लिए अपनी पात्रता एवं शुल्क छूट के लिए अपनी पात्रता की जाँच करेंगे। यह उल्लेखनीय है कि आवेदन शुल्क केवल उस पद के लिए आवेदन देने हेतु है जो उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा / एमसीक्यू परीक्षा और साक्षात्कार जो भी मामला हो, के लिए लघुसूचीयन / कॉल करने की आगे की प्रक्रिया के लिए विचार करने हेतु उनको पात्र बनने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगा, और इस संबंध में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम है।

**1. महत्वपूर्ण तारीखें**

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **तारीख** |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख | **04.03.2022** |
| 2 | शैक्षिक अर्हता, ऊपरी आयु सीमा के उद्देश्य के लिए विच्छेदक तारीख | **04.03.2022** |
| 3 | व्यक्तिगत साक्षात्कार की तारीख | बाद में सूचित किया जाएगा। |
| 4 | चयनित उम्मीदवारों की सूची की घोषणा | बाद में सूचित किया जाएगा। |

**<u>चयन प्रक्रिया</u>**

1. आवेदन में उम्मीदवार द्वारा दिए गए कार्य विवरण से संगत अर्हता, कार्य विवरण, अनुभव तथा विज्ञापन में ब्यौरेवार सीपीआरआई द्वारा यथा निर्धारित मानदंडों के आधार पर पेश डाटा के जाँच के आधार पर संस्थान की आवश्यकता के अनुसार सीपीआरआई उम्मीदवारों को लघु सूचीबद्ध करने का अधिकार रखता है।

2. पात्र लघु सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कारके लिए बुलाया जाएगा। अंतिम चयन साक्षात्कार में कार्य-निष्पादन के आधार पर किया जाता है।

3. केवल पात्र और लघु-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और सीपीआरआई के पास सीपीआरआई द्वारा निर्धारित अनुपात में पद के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को लघु सूचीबद्ध करने का अधिकार है, जो अंतिम और बाध्यकारी होगा।

4. साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र केवल आवेदन में उम्मीदवार द्वारा दिए ई मेल आई डी पर ईमेल द्वारा ही भेजे जाएँगे।

5. बेंगलूर में साक्षात्कार के लिए तिथि, समय, स्थान की सूचना कॉल लेटर में दी जाएगी और सीपीआरआई की वेबसाइट पर भी सूचित किया जाएगा।

6. सीपीआरआई साक्षात्कार में भाग लेने के लिए लघु सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों के लिए सबसे निकटतम मार्ग द्वारा ए सी 2 टायर भाड़े की प्रतिपूर्ति करेगी।

7. चयन प्रक्रिया यथा दस्तावेज सत्यापन तथा साक्षात्कार के विभिन्न चरणों में उम्मीदवार का प्रवेश पूर्णतया अस्थायी होगा बशर्ते कि वह निर्धारित पात्रता शर्तों को संतोषजनक तौर पर पूरा करें। यदि किसी भी समय, चयन प्रक्रिया के पूर्व या पश्चात् सत्यापन पर, यह पाया जाए कि उम्मीदवार पात्रता शर्तों में किसी भी शर्त को पूरा न करता हो, किसी भी समय कोई सूचना झूठी या गलत पाई जाए तो बिना कोई सूचना दिए/उनकी क्षतिपूर्ति किए उनकी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी और नियमों व विनियमों के अनुसार उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू की जाएगी।

8. उम्मीदवार को निम्न सूचित दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन मोहरबंद लिफ़ाफ़े से डाक द्वारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सीपीआरआई, बेंगलुरु को **04.03.2022** तक भेजा जाना चाहिए अन्यथा प्रस्तुत आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

   सीपीआरआई द्वारा यथा अपेक्षित दस्तावेज सत्यापन/भर्ती प्रक्रिया के किसी भी उत्तरवर्ती चरण पर सत्यापन के लिए प्रस्तुत किए जानेवाले मूल प्रमाण–पत्र ।

   **ए.** जन्म तिथि के प्रमाण में साक्ष्य यथा मैट्रिक प्रमाण पत्र / माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र/ एसएससी / दसवीं कक्षा के अंक सूची ।

   **बी.** उत्तीर्ण परीक्षाओं के सभी वर्षों/ सेमिस्टरों की अंक सूचियों के साथ शैक्षिक अर्हता प्रमाण पत्र।

**सी.** संबंधित संगठन द्वारा विधिवत् प्रमाणित अर्हता के बाद के अनुभव के तौर पर संगठन के पत्र शीर्ष में अनुभव / सेवा प्रमाण-पत्र जिसमें संभाले गए पद, सेवा अवधि, सकल परिलब्धियाँ, अनुभव का क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख हो।

**डी.** विकलांग उम्मीदवार के मामले में सक्षम प्राधिकारी/ चिकित्सा बोर्ड द्वारा निर्धारित भारत सरकार के फार्मेट में विकलांगता प्रमाण पत्र ।

**ई.** केंद्र / राज्य सरकार / अर्ध सरकारी कार्यालय / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/स्वायक्त्त निकायों आदिमें कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र।

**एफ.** सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित भारत सरकार के फार्मेट में जाति / वर्ग प्रमाण पत्र।

9. **यह चयन सत्यापन के लिए प्रस्तुत मूल दस्तावेजों की जाँच पर निर्भर है।**

**9.** स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन को लिफ़ाफ़े के ऊपर **<u>मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सामान्य ग्रेड) के पद के लिए आवेदन</u>"** लिखते हुए केवल डाक द्वारा निम्न पते पर भेजा जाना चाहिए।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,**

**केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान,**

**प्रो.सर सीवी रामन रोड,**

**पोस्ट बॉक्स सं.8066, सदाशिवनगर (डा घ),**

**बेंगलूर - 560080**

11. *टेलीफोन/मोबाइल/एसएमएस पर कोई भी अंतरिम मौखिक पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा और सभी प्रश्न, यदि कोई हो तो, इस उद्देश्य के लिए दी गई ई-मेल* **recruitment@cpri.in** *के नाम भेजें। किसी भी अन्य प्रकार के संप्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा।*

यदि अंग्रेजी और हिंदी रूपांतरित विज्ञापन के बीच कोई अंतर पाया जाए, तो अंग्रेजी रूपांतरण में जारी विज्ञापन लागू होगा ।

***************